अधि. क्र./एम.एफ.पी.–पार्क/अ.का.नि/पैकेजिंग/अं.व.मे./2024/1404 दिनांक 16.10.2024

*निविदा फार्म का मूल्य – 1000/– रूपये*

# लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, बरखेड़ा पठानी में वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु हर्बल उत्पादों की पैकेजिंग में प्रयुक्त होने वाली फार्मास्युटिकल पैकेजिंग सामग्री एवं लेबल मुद्रण, प्रचार प्रसार सामग्री एवं अंतर्राष्ट्रीय वन मेला–2024 हेतु आवश्यक सामग्री की क्रय आपूर्ति, आकल्पन एवं मुद्रण कार्यों की दरों हेतु जारी अल्पकालिक पुनः निविदा

**<u>ऑनलाइन निविदा प्रस्ताव प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि</u>**

**<u>दिनांक 23.10.2024 समय सायं 4.00 बजे तक</u>**

## लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र (एम.एफ.पी–पार्क)


वन परिसर, बरखेड़ा पठानी, भोपाल–462022

(प्रधान कार्यालय–म.प्र.राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ मर्यादित)

फोन : (0755) 2970629, 2970629, 4331459

Website: www.vindhyherbals.in , Email: mfpparc@gmail.com

अधि. क्र./एम.एफ.पी.–पार्क/अ.का.नि/पैकेजिंग/अं.व.मे./2024/1404 दिनांक 16.10.2024

**लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, बरखेड़ा पठानी में वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु हर्बल उत्पादों की पैकेजिंग में प्रयुक्त होने वाली फार्मास्युटिकल पैकेजिंग सामग्री एवं लेबल मुद्रण, प्रचार प्रसार सामग्री एवं अंतर्राष्ट्रीय वन मेला–2024 हेतु आवश्यक सामग्री की क्रय आपूर्ति, आकल्पन एवं मुद्रण कार्यों की दरों हेतु अल्पकालिक पुनः निविदा की अधिसूचना**

—00—

मध्य प्रदेश राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ, मर्यादित भोपाल की आयुर्वेदिक एवं हर्बल उत्पादों के निर्माण एवं प्रसंस्करण की इकाई लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, बरखेड़ा पठानी, भोपाल में वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु हर्बल उत्पादों की पैकेजिंग में प्रयुक्त होने वाली फार्मास्युटिकल पैकेजिंग सामग्री एवं लेबल मुद्रण, प्रचार प्रसार सामग्री एवं अंतर्राष्ट्रीय वन मेला–2024 के लिए आवश्यक सामग्री की क्रय आपूर्ति, आकल्पन एवं मुद्रण कार्यों की दरों बावत इच्छुक निविदाकारों से अल्पकालिक पुनः ई–निविदा के माध्यम से प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते है।

1. ऑनलाईन ई–निविदा प्रपत्र एवं संबंधित विवरण म.प्र.शासन के पोर्टल https://mptenders.gov.in पर निर्धारित समय सीमा एवं अवधि हेतु उपलब्ध रहेगा।
2. इच्छुक निविदाकर्ता को आनलाइन आवेदन करने के पूर्व अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से म.प्र.शासन के पोर्टल https://mptenders.gov.in पर निर्धारित शुल्क जमा कर पंजीयन कराना आवश्यक है।
3. निविदा प्रपत्र संस्था की बेवसाइट www.vindhyaherbals.com पर भी सुलभ सन्दर्भ हेतु उपलब्ध रहेगा।

<u>**निविदा के संबंध में निर्धारित समय सारणी**</u>

| कार्य विवरण | दिनांक एवं समय |
|---|---|
| आनलाइन निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने का समय | 17.10.2024 दिन गुरूवार सायं 4 बजे से 23.10.2024 दिन बुधवार को सायं 4.00 बजे तक निविदा प्रपत्र https://mptenders.gov.in पर ऑनलाइन उपलब्ध रहेगा। |
| आनलाइन निविदा (तकनीकी एवं वित्तीय) भरने/अपलोड करने की अंतिम दिनांक एवं समय | 23.10.2024 दिन बुधवार को सायं 4.00 बजे तक– वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ऑनलाइन भरना/अपलोड करना। |
| ऑनलाइन तकनीकी निविदा खोलने का दिनांक एवं समय | 24.10.2024 दिन गुरूवार समय–सायं 4.00 बजे से स्थान–लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, बरखेड़ा पठानी, भोपाल |
| आनलाइन वित्तीय निविदा खोलने का दिनांक एवं समय | तकनीकी निविदा की कार्यवाही उपरांत वित्तीय निविदा प्रस्ताव खोलने के संबंध में पृथक सूचित किया जावेगा। |
| निविदा प्रपत्र शुल्क | राशि रूपये 1000/– (एक हजार रुपये) का भुगतान ई–पेमेन्ट द्वारा ऑनलाईन जमा करना होगा। |
| ऑनलाइन निविदा प्रक्रिया शुल्क | पोर्टल https://mptenders.gov.in की शर्तो अनुसार पोर्टल में दर्शित प्रोसेसिंग फीस को निविदाकार को ई–पेमेंट द्वारा जमा करना होगा। |
| निविदा प्रतिभूति (EMD) राशि | **राशि रू. 20,000/– (बीस हजार रूपये) का भुगतान ई–पेमेन्ट द्वारा ऑनलाईन जमा करना होगा।** |

16/10/24

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**लघुवनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, भोपाल**

अधि. क्र./एम.एफ.पी.–पार्क/अ.का.नि/पैकेजिंग/अं.व.मे./2024/1404 दिनांक 16.10.2024

**ऑनलाइन निविदा प्रक्रिया से संबंधित दिशा–निर्देश एवं शर्तेः–**

1. प्रथम बार ई–टेंडरिंग में भाग लेने वाले निविदाकार, निविदा भरने से पूर्व पंजीयन, डिजिटल हस्ताक्षर आदि औपचारिकताओं की पूर्ति अग्रिम में कर लें।
2. **निविदा प्रपत्र शुल्क**–निविदा में भाग लेने के इच्छुक निविदाकार को सर्वप्रथम म.प्र.शासन के पोर्टल https://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन पंजीयन प्रक्रिया पूर्णकर, रू. 1000/– के ई–पेमेन्ट से द्वारा निविदा प्रपत्र क्रय कर निविदा प्रक्रिया में भाग ले सकेगा।
3. **प्रोसेसिंग फीस**–पोर्टल https://mptenders.gov.in की शर्तो अनुसार पोर्टल में दर्शित प्रोसेसिंग फीस को निविदाकार को ई–पेमेंट द्वारा जमा करना होगा।
4. **निविदा प्रतिभूति** (Earnest Money Deposit)–निविदा प्रतिभूति (EMD) की राशि रूपये 20,000/– (रूपये बीस हजार मात्र) होगी, जिसे ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से ई–पेमेंट द्वारा जमा करना होगा। निविदा प्रतिभूति (EMD) राशि अन्य किसी भी रूप में स्वीकार नहीं की जावेगी। निविदा प्रतिभूति (EMD) राशि पर किसी भी प्रकार का ब्याज देय नही होगा।
5. निविदाकार म.प्र.शासन के पोर्टल https://mptenders.gov.in के माध्यम से दिनांक 17.10.2024 दिन गुरूवार को सायं 4.00 बजे तक तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा ऑनलाइन अपलोड कर सकेगें।
6. निविदाकारों को निविदा से संबंधित स्पष्टीकरण या नियत तिथि वृद्धि की सूचना हेतु ई–टेंडरिंग वेबसाईट का नियमित अवलोकन करना होगा।
7. निविदा अहस्तांतरणीय है। निविदा फार्म हेतु जमा की गई राशि वापिस नहीं की जावेगी। निविदा प्रतिभूति (EMD) के बिना निविदा निरस्त कर दी जाएगी।
8. निविदाकार को निविदा प्रपत्र आनलाईन फार्मेट में डिजिटल साईन के साथ प्रस्तुत करना होगा। इस हेतु निविदाकार को https://mptenders.gov.in पोर्टल पर आनलाईन पंजीयन करना होगा। उक्त पोर्टल पर पंजीयन की प्रक्रिया एवं निविदा ऑनलाईन क्रय/जमा करने की प्रक्रिया संबंधी जानकारी हेतु टोल फ्री नं. 0120–4200462/4001002 पर कार्य दिवसों में प्रातः 10 से सायं 7 बजे तक या ईमेल–eproc@nic.in पर संपर्क कर सकते हैं। आनलाइन निविदा में भाग लेने के लिए डिजिटल सर्टिफिकेट, इन्फोरमेशन टेक्नोलाजी अधिनियम–2000 के तहत प्राप्त करना होगा। निविदाकार डिजिटल सर्टिफिकेट, सीसीए द्वारा स्वीकृत संस्था से प्राप्त कर सकते है। जिन निविदाकारों के पास पूर्व से वैध डिजिटल सर्टिफिकेट है, उन्हें नया डिजिटल सर्टिफिकेट लेने की आवश्यकता नही है।
9. आयटम क्रमांक पी–01 से पी–59 तक के लिए मूल निर्माणकर्ताओं से प्राप्त दरों को ही मान्य किया जावेगा। सर्शत बोली स्वीकार नही की जाएगी। क्रमांक पी–93 से पी–125 तक आयटम वनमेला से संबंधित हैं।
10. आनलाइन निविदा प्रस्ताव के 2 इलेक्ट्रानिक लिफाफे होगें–
    **(1) तकनीकी निविदा**
    **(2) वित्तीय निविदा**
11. तकनीकी निविदा प्रस्ताव में वांछित दस्तावेजों की प्रतियां जोकि अधिकृत व्यक्ति द्वारा स्व–प्रमाणित हो, स्केन कर अपलोड करनी होगी।
12. निविदाकार का विगत 3 वर्षो का न्यूनतम टर्नओवर निम्नानुसार होना आवश्यक है–
    1. वित्तीय वर्ष 2020–21 हेतु 10 लाख रुपए
    2. वित्तीय वर्ष 2021–22 हेतु 15 लाख रुपए
    3. वित्तीय वर्ष 2022–23 हेतु 20 लाख रुपए
13. **आनलाइन वित्तीय निविदा भरते समय निविदाकार यह सुनिश्चित कर ले कि निविदा के परिशिष्ट–1 में वर्णित सामग्री की आपूर्ति निर्धारित समय सीमा में करने हेतु सक्षम है।**

14. आपूर्ति की गई सामग्री यदि निर्धारित मानदंडों एवं उच्च गुणवत्ता के अनुरुप नही पाई जाती तो निविदाकार स्वयं के व्यय पर उसे समयावधि में बदलेगा।

15. मानक अनुरुप आपूर्ति न करने की दशा में नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

16. निविदा प्रपत्र इलेक्ट्रानिक फार्मेट में म.प्र.शासन के पोर्टल https://mptenders.gov.in पर आनलाइन दिनांक 23.10.2024, सायं 4.00 बजे तक जमा कराए जा सकते है। आनलाइन निविदाएं **"मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र (एम.एफ. पी.–पार्क), वन परिसर, बरखेड़ा पठानी, भोपाल के कार्यालय में निम्नानुसार निर्धारित दिनांक एवं समय पर निविदा, अधिकृत समिति द्वारा खोली जाएगी–**

**16.1** <u>तकनीकी निविदा</u>:–ऑनलाईन प्राप्त निविदाए दिनांक 24.10.2024 को सायं 4.00 बजे से निविदाकार अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिती में खोली जाएगी।

**16.2** <u>वित्तीय निविदा</u>:– तकनीकी निविदा की कार्यवाही उपरांत वित्तीय निविदा प्रस्ताव खोलने के संबंध में पृथक संबंधितों को सूचित करते हुए निविदाकार अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिती में खोली जाएगीं।

**17. <u>तकनीकी निविदा (Technical Bid)</u>–**

**निविदाकार द्वारा निविदा प्रपत्र को ऑनलाईन भरा जाकर निम्नलिखित दस्तावेज दिनांक 23.10.2024 को सायं 4.00 बजे तक पोर्टल पर अपलोड कराया जाना आवश्यक है–**

17.1 ई–पेमेंट द्वारा जमा निविदा प्रपत्र शुल्क का ब्यौरा।

17.2 ई–पेमेंट द्वारा जमा निविदा प्रतिभूति (ई.एम.डी.) राशि का ब्यौरा।

17.3 संस्था के पंजीयन के प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति।

17.4 पेन/टेन की सत्यापित छायाप्रति।

17.5 निविदाकार का GST पंजीयन प्रमाण की सत्यापित छायाप्रति।

17.6 चार्टड एकाउटेंट/अंकेक्षक द्वारा प्रमाणीकृत विगत तीन वित्तीय वर्षो (FY 2020–21, 2021–22 एवं 2022–23) का लाभ–हानि पत्रक एवं बैलेंस शीट की प्रति।

17.7 पिछले 3 आंकलन वर्षो (AY 2021–22, 2022–23 एवं 2023–24) हेतु जमा आयकर विवरणिका (ITR) की प्रति।

17.8 संस्था द्वारा निविदा में भाग लेने के लिये संस्था के लेटरहेड पर अधिकार पत्र।

17.9 निविदाकार को 100 रुपए के नान–ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर अथवा संस्था के लेटरहेड पर स्वयं सत्यापित प्रमाण पत्र देना होगा, जिसमें यह घोषणा की जावेगी कि निविदाकर्ता का नाम केन्द्र शासन/किसी भी राज्य शासन के विभाग एवं उसके निगम मंडल की काली सूची में दर्ज नहीं है।

**(उपरोक्त वर्णित बिन्दु क्रमांक–17.1 से 17.9 तक के प्रपत्र एवं दस्तावेज स्केन कर आनलाइन तकनीकी लिफाफे में अपलोड करना अनिवार्य है, ऐसा न करने पर निविदा निरस्त कर दी जाएगी। निविदा निरस्त होने की स्थिति में किसी भी प्रकार का विवाद स्वीकार्य नहीं होगा।)**

17.10 परिशिष्ट–2 के अनुसार निविदाकार द्वारा घोषणा, हस्ताक्षर एवं मुद्रा सहित।

17.11 निविदाकार की संस्था/उसके सहभागी/गठन पता, दूरभाष नं., फैक्स नं., ई–मेल नं. का दस्तावेज, परिशिष्ट–3 के अनुसार हस्ताक्षर एवं मुद्रा सहित।

17.12 निविदाकार चैकलिस्ट परिशिष्ट–4 अनुसार क्रमबद्ध तरीके से अभिलेखों को एकसाथ स्केन कर संलग्न करेंगे।

17.13 निविदा प्रपत्र एवं संलग्न दस्तावेजों के प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर/सील अंकित की जाए।

18 निर्धारित समय के पश्चात् प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा।

19 निविदा खोलने की तिथि को यदि किसी कारणवश अवकाश रहता है, तो अगले कार्यदिवस में निर्धारित समय पर निविदाएं खोलने की कार्यवाही की जाएगी।

20 निविदा से संबंधित समस्त प्रक्रियाएं आनलाईन होगी।

22 तकनीकी निविदा में सफल निविदाकारों की ही वित्तीय निविदाएं खोली जाएंगी।

23 यह संस्थान विलम्ब या अप्राप्त होने वाले निविदा फार्म के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

24 फैक्स या ई–मेल से भेजी गई निविदा स्वीकार नहीं होगी।

25 <u>आनलाइन वित्तीय निविदा (**Financial Bid**)</u>

25.1 निविदाकार परिशिष्ट–1 सूची अनुसार उत्पादों के लिये अपनी दर निर्धारित कालम में आनलाइन मोड में ही प्रस्तुत कर सकेंगे। भौतिक रुप से वित्तीय निविदा मान्य नही होगी।

25.2 उत्पाद की दरें बिना कर (Without Tax) के निविदा प्रपत्र में किये गये उल्लेखानुसार प्रति नग/किलोग्राम, वर्गफीट, सैकड़ा/हजार जो भी लागू हो के अनुसार प्रस्तुत की जाएं। देय भुगतान पर लागू करों का भुगतान नियमानुसार किया जाएगा।

25.3 उत्पाद की दरें भोपाल स्थित केन्द्र तक माल पहुंचाने, परिवहन एवं अनलोडिंग सहित होंगी। प्रस्तावित दरें निर्धारित प्रारुप में ही मान्य होंगी।

26 किसी भी निविदा को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार **मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, भोपाल का होगा।**

27 सफल निविदाकार को दर स्वीकृति की सूचना पत्र द्वारा प्रेषित की जावेगी।

28 **निष्पादन प्रतिभूति** (Performance Guarantee)– ''म.प्र.भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 यथा संशोधित–2022'' अनुसार निविदा के उचित निष्पादन सुनिश्चित करने हेतु सफल निविदाकार को निष्पादन प्रतिभूति राशि सुरक्षा निधि के रूप में 7 दिवस के भीतर जमा करना होगी। सफल निविदाकार को करारनामा किये जाने के पूर्व प्रत्येक आयटम/सामग्री का संविदा मूल्य (स्वीकृत दर और आवश्यक मात्र के गुणन) की 3 प्रतिशत निष्पादन प्रतिभूति राशि किसी भी वाणिज्यिक बैंक से डिमांड ड्राफ्ट, मियादी जमा रसीद अथवा बैंकर्स चैक "CEO, MFP-PA RC, Bhopal" के नाम से भोपाल में देय अथवा 18 माह के लिए वैध बैंक गारंटी "CEO, MFP-PARC, Bhopal" के पक्ष में जमा करना अनिवार्य होगा। निर्धारित समयावधि में निष्पादन प्रतिभूति (Performance Guarantee) जमा न कराये जाने पर संबंधित निविदाकार की निविदा निरस्त करने अथवा निविदाकार को देय राशि से वसूलने एवं ई.एम.डी. राजसात करने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी को होगा।

29 सफल निविदाकर्ता से सुरक्षा निधि के रूप में निष्पादन प्रतिभूति (Performance Guarantee) राशि प्राप्त होने पर ही निविदाकर्ता द्वारा पोर्टल पर ऑनलाईन जमा निविदा प्रतिभूति (EMD) राशि को आनलाइन पोर्टल की शर्त अनुसार वापस उनके खाते में लौटाई जाएगी।

30 **निविदाकार का करारनामा**– सफल निविदाकार द्वारा रूपये 100/– के नॉनज्युडिशियल/ नोटराइज्ड स्टाम्प पत्र पर एक करारनामा (इसका वहन निविदाकार द्वारा किया जाना है) ''मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, वन परिसर, बरखेड़ा पठानी, भोपाल'' के साथ दर स्वीकृति की सूचना के 7 कार्य दिवस के भीतर किया जाना अनिवार्य है।

31 **आपूर्ति की शर्तें–**

31.1 निविदाकार को केन्द्र की आवश्यकतानुसार कब–कब, क्या–क्या और कितनी मात्रा में उत्पाद आपूर्ति/सप्लाई करना है इसकी सूचना पृथक से समय–समय पर लिखित में दी जावेगी। आपूर्ति/सप्लाई लघुवनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, वन परिसर बरखेड़ा पठानी, भोपाल में की जाएगी।

31.3 **<u>उत्पादों की परिशिष्ठ–1</u>** में उल्लेखित पूरी मात्रा एकबार में लिया जाना अनिवार्य नहीं है। समय–समय पर केन्द्र की आवश्यकता अनुसार उत्पाद मंगाये जावेंगे। मात्रा को कम करना या बढ़ाने का अधिकार **''मुख्य कार्यपालन अधिकारी लघुवनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, भोपाल''** को होगा।

31.4 आपूर्तिकर्ता द्वारा आपूर्ति आदेश उपरांत यदि सप्लाई 7 कार्य दिवसों में नहीं की जावेगी तो **''मुख्य कार्यपालन अधिकारी लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, भोपाल''** को यह अधिकार होगा कि वह कुल सप्लाई के मूल्य का <u>1%</u> पैनल्टी के रूप में कटौती कर लें अथवा अन्य कार्यवाही प्रस्तावित करें।

31.5 आपूर्तिकर्ता सुनिश्चित करें कि निर्धारित मापदण्ड एवं उच्च गुणवत्ता की सामग्री ही आपूर्ति की जाए। आपूर्ति की जाने वाली सामग्री का आवश्यकतानसुार निविदा के मानकों के अनुरुप तकनीकी स्पेसिफिकेशन का परीक्षण कराया जाएगा।

31.6 निविदाकार द्वारा भेजे गए उत्पाद/सामग्री की प्राप्ति के समय मात्रा में कमी या ह्रास की जिम्मेदारी निविदाकार की होगी। जिस उत्पाद के लिए सप्लाई आदेश जारी नहीं किया गया उसकी प्राप्ति के लिए लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, भोपाल उत्तरदायी नहीं होगा।

31.7 सफल निविदाकार के कार्यालय और गोदाम का मुख्य कार्यपालन अधिकारी लघुवनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, भोपाल या उनके नामित कोई प्रतिनिधि निरीक्षण कर सकेगा।

31.8 निविदाकार द्वारा कोई भी उत्पादों की आपूर्ति sublet द्वारा नहीं की जा सकेगी।

31.9 सफल निविदाकार द्वारा उल्लेखित सामग्रियों की निर्धारित मात्रा एवं समय पर प्रदाय न करने की दशा में बाजार से सीधा क्रय कर लिया जायेगा तथा क्रय की गई सामग्री के मूल्य में यदि कोई अन्तर होता है तो अन्तर की राशि सफल निविदाकार से वसूल की जायेगी। ऐसी स्थिति में निविदाकार द्वारा सुरक्षा निधि के रूप में जमा निष्पादन प्रतिभूति राशि अधिग्रहित की जा सकेगी।

31.10 केन्द्र के हितो को ध्यान में रखते हुए किसी सामग्री का स्वीकृत निविदाकार के अतिरिक्त अन्य से क्रय करने का सम्पूर्ण अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी को होगा।

**32 भुगतान**

32.1 आपूर्ति हेतु उत्पाद की कीमत के विरूद्ध कोई अग्रिम भुगतान नहीं किया जावेगा।

32.2 उत्पाद की प्राप्ति के अधिकतम 30 कार्य दिवस में देयक की प्रस्तुति पर भुगतान किया जावेगा।

32.3 निविदा प्रतिभूति (ई.एम.डी.) एवं निष्पादन प्रतिभूति राशि पर कोई भी ब्याज देय नहीं होगा। असफल निविदाकार को उनके द्वारा जमा की गई निविदा प्रतिभूति राशि पोर्टल से ऑनलाईन उनके खाते में वापस कर दी जावेगी।

33. निविदा में स्वीकृत दरें वित्तीय वर्ष 2024–25 की समाप्ति/आगामी निविदा दरों की स्वीकृति तक मान्य होगी। इस अवधि में निविदा में उल्लेखित सामग्रियों की दरें को कभी भी निरस्त किये जाने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी को होगा।

34. सफल निविदाकर्ता को उनके द्वारा सुरक्षा निधि के रूप में जमा निष्पादन प्रतिभूति (Performance Guarantee) की राशि वित्तीय वर्ष समाप्ति/आगामी निविदा स्वीकृति उपरांत पृथक से लौटाई जावेगी।

35. असुविधा से बचने के लिए कृपया निविदा भरने हेतु अंतिम दिनांक की प्रतीक्षा न करें। समस्त प्रक्रियाएं निर्धारित प्रपत्रों में ही करें।

36. **भुगतान में कटौती**–यदि प्रदाय उत्पाद/सामग्री की मात्रा में कर्मी/ह्रास होता है तो भुगतान में उसकी कटौती की जावेगी।

37. सफल निविदाकार के भुगतान में से शासन नियमानुसार टी.डी.एस. व जी.एस.टी.–टी.डी.एस. की कटौती की जावेगी।

38. निविदा के सम्बन्ध में किसी भी तरह के विवाद की स्थिति में प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य लघु वनोपज संघ, भोपाल का निर्णय अंतिम तथा बंधनकारी होगा।

39. न्यायालीन विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र भोपाल रहेगा।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी,**
एम.एफ.पी.–पार्क, बरखेड़ा पठानी, भोपाल

अधि. क्र./एम.एफ.पी.–पार्क/अ.का.नि/पैकेजिंग/अं.व.मे./2024/1404 दिनांक 16.10.2024

परिशिष्ट–1

## वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु आवश्यक पैकेजिंग सामग्री का विवरण

| No. | सामग्री का प्रकार | निर्धारित मानदण्ड | वार्षिक आवश्यक अनुमानित मात्रा प्रति नग /किग्रा /बंडल में |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | एच.डी.पी.ई. जार फूड ग्रेड 60 टेबलेट हेतु (गोलडिब्बी) (ढक्कन सहित) | 8 gm | 300000 |
| 2 | एच.डी.पी.ई. जार फूड ग्रेड 20 टेबलेट हेतु (गोलडिब्बी) (ढक्कन सहित) | 5 gm | 300000 |
| 3 | एच.डी.पी.ई. जार फूड ग्रेड 500 ग्राम (च्यवनप्राश हेतु) (ढक्कन सहित) | 42 gm | 20000 |
| 4 | 60 मि.ली. तेल हेतु (ढक्कन रहित) | 13.88 gm. Neck size 25mm ROPP | 400000 |
| 5 | 100 मि.ली. आसव हेतु (ढक्कन रहित) | 12. gm. Neck size 25mm ROPP | 200000 |
| 6 | 200 मि.ली. आसव हेतु (ढक्कन रहित) | 18.25 gm. Neck size 25mm ROPP | 400000 |
| 7 | 450 मि.ली. आसव हेतु (ढक्कन रहित) | 33 gm. Neck size 25mm ROPP | 50000 |
| 8 | 15 ग्राम (बाम हेतु) गोल डिब्बी (ढक्कन सहित) | 3 gm | 200000 |
| 9 | एच.डी.पी.ई. जार फूड ग्रेड 50 ग्राम चूर्ण हेतु फार्मा जार (ढक्कन सहित) | 14 gm | 100000 |
| 10 | एच.डी.पी.ई. जार फूड ग्रेड 100 ग्राम चूर्ण हेतु (ढक्कन सहित) | 20.27 gm | 200000 |
| 11 | एच.डी.पी.ई. जार फूड ग्रेड 1 किलो ग्राम चूर्ण/टेबलेट हेतु (ढक्कन सहित) | 94 gm | 10000 |
| 12 | एच.डी.पी.ई. जार फूड ग्रेड 250 ग्राम (च्यवनप्राश हेतु) (ढक्कन सहित) | 32 gm | 20000 |



44

| | | | |
|---|---|---|---|
| 13 | 50 मि.ली. तेल हेतु प्लास्टिक बोतल (ढक्कन Hole सहित) | As per sample | 20000 |
| 14 | 100 मि.ली. तेल हेतु प्लास्टिक बोतल (ढक्कन Hole सहित) | As per sample | 20000 |
| 15 | श्रिंक पालीथिन स्लीव साइज 90 मि.मी. (किलो ग्राम में) | PVC Shrink Sleeve 25-30 Micron | 500 |
| 16 | श्रिंक पालीथिन स्लीव साइज 100 मि.मी. (किलो ग्राम में) | PVC Shrink Sleeve 25-30 Micron | 500 |
| 17 | श्रिंक पालीथिन स्लीव साइज 120 मि.मी. (किलो ग्राम में) | PVC Shrink Sleeve 25-30 Micron | 500 |
| 18 | श्रिंक पालीथिन स्लीव साइज 60 मि.मी. (किलो ग्राम में) | PVC Shrink Sleeve 25-30 Micron | 500 |
| 19 | श्रिंक पालीथिन स्लीव साइज 170 मि.मी. (किलो ग्राम में) | PVC Shrink Sleeve 25-30 Micron | 500 |
| 20 | श्रिंक पालीथिन स्लीव साइज 50 मि.मी. (किलो ग्राम में) | PVC Shrink Sleeve 25-30 Micron | 500 |
| 21 | पी.पी.हीटसील स्टेप दर किलो ग्राम में । | As per sample | 12000 |
| 22 | पालीथीन बैग्स (विभिन्न आकार में) दर प्रति किलो ग्राम | As per sample | 800 |
| 23 | एल्युमिनियम फाइल (दर प्रति हजार) | 45 एमएम Dia | 1000 |
| 24 | खाली जिलेटिन केप्सूल (High Quality) | जीरो साइज (दर प्रति हजार) | 1E+07 |
| 25 | HDPE Below Granules (per Kg) | Pharma & Food grade material (PLASTIC DANA) | 1000 |
| 26 | पोली स्टेंडिंग पाउच-1000 ग्राम (किलो ग्राम में) | As per sample | 400 |
| 27 | पोली स्टेंडिंग पाउच-500 ग्राम (किलो ग्राम में) | As per sample | 400 |
| 28 | पोली स्टेंडिंग पाउच-250 ग्राम (किलो ग्राम में) | As per sample | 400 |
| 29 | एल्युमिनियम फाइल (दर प्रति हजार) | 30 एमएम Dia | 1000 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 30 | एल्युमिनियम फाइल (दर प्रति हजार) | 55 एमएम Dia | 1000 |
| 31 | एल्युमिनियम फाइल (दर प्रति हजार) | 95 एमएम Dia | 1000 |
| 32 | एल्युमिनियम फाइल (दर प्रति हजार) | 72 एमएम Dia | 1000 |
| 33 | एल्युमिनियम फाइल (दर प्रति हजार) | 35 एमएम Dia | 1000 |
| 34 | एल्युमिनियम फाइल | 20 mm | 1000 |
| 35 | एल्युमिनियम फाइल | 25 mm | 1000 |
| 36 | एल्युमिनियम फाइल | 30 mm | 1000 |
| 37 | एल्युमिनियम फाइल | 35 mm | 1000 |
| 38 | एल्युमिनियम फाइल | 40 mm | 1000 |
| 39 | एल्युमिनियम फाइल | 45 mm | 1000 |
| 40 | एल्युमिनियम फाइल | 50 mm | 1000 |
| 41 | एल्युमिनियम फाइल | 55 mm | 1000 |
| 42 | एल्युमिनियम फाइल | 60 mm | 1000 |
| 43 | एल्युमिनियम फाइल | 70 mm | 1000 |
| 44 | एल्युमिनियम फाइल | 80 mm | 1000 |
| 45 | एल्युमिनियम फाइल | 95 mm | 1000 |
| 46 | बेड एल्युमिनियम फाइल (दर प्रति सैकड़ा) | 28 एमएम Dia | 10000 |
| 47 | बेड एल्युमिनियम फाइल (दर प्रति सैकड़ा) | 35 एमएम Dia | 10000 |
| 48 | बेड एल्युमिनियम फाइल (दर प्रति सैकड़ा) | 45 एमएम Dia | 10000 |
| 49 | बेड एल्युमिनियम फाइल (दर प्रति सैकड़ा) | 55 एमएम Dia | 10000 |
| 50 | बेड एल्युमिनियम फाइल (दर प्रति सैकड़ा) | 81 एमएम Dia | 10000 |
| 51 | एल्युमिनियम बेड फाइल | 28 mm | 1000 |
| 52 | एल्युमिनियम बेड फाइल | 35 mm | 1000 |
| 53 | एल्युमिनियम बेड फाइल | 51 mm | 1000 |
| 54 | एल्युमिनियम बेड फाइल | 81 mm | 1000 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 55 | एल्युमिनियम बेड फाइल | 66 mm | 1000 |
| 56 | एल्युमिनियम बेड फाइल | 26 mm | 1000 |
| 57 | एल्युमिनियम बेड फाइल | 22 mm | 1000 |
| 58 | एल्युमिनियम बेड फाइल | 33 mm | 1000 |
| 59 | स्लाईडर मोनो कार्टून गिफ्ट पैक 50ग्रा. बाक्स | 32.5 cm x 13.5 cm x 5 cm | 500 |
| 60 | स्लाईडर मोनो कार्टून गिफ्ट पैक 100ग्रा. बाक्स | 32.5 cm x 15 cm x 6 cm | 500 |
| 61 | मोनो कार्टून गिफ्ट पैक (पार्टीशन सहित) | 19.2 cm x 12 cm x 4.9 cm | 500 |
| 62 | शहद+ च्यवनप्राश गिफ्ट पैक मोनो कार्टून (पार्टीशन सहित) | 18.5 cm x 10.5 cm x 13.5 cm | 500 |
| 63 | शहद+च्यवनप्राश+चिरौंजी+चाय गिफ्ट पैक मोनो कार्टून (पार्टीशन सहित) | 36 cm x 12.8 cm x 13 cm | 500 |
| 64 | थर्माकोल | 8 mm | 50 |
| 65 | थर्माकोल | 5 mm | 20 |
| 66 | बबल शीट | As per Sample | 5 |
| 67 | प्लास्टिक कैप हैवी ड्युटी 25 एमएम | 25mm | 120000 |
| 68 | प्लास्टिक इनर केप 25 एमएम | 25mm (10 No) | 800000 |
| 69 | एचडीपीई प्लास्टिक केप (दर प्रति किलो) | विभिन्न प्रकार के As per samples | 1000 |
| 70 | कोरूगेटेड बाक्स 5 प्लाई | 16x12x16 इंच | 4000 |
| 71 | कोरूगेटेड बाक्स 7 प्लाई | 16x12x16 इंच | 5000 |
| 72 | कोरूगेटेड बाक्स | 21 x 15 x 6 Inch | 5000 |
| 73 | कोरूगेटेड बाक्स | 21 x 15 x 5.5 | 5000 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | Inch | |
| 74 | कोरूगेटेड बाक्स-(शहद 1 कि.ग्रा. हेतु) | 41.5 cm x 22 cm x 20 cm | 5000 |
| 75 | कोरूगेटेड बाक्स-(शहद 250 ग्रा. हेतु) | 44 cm x 31 cm x 15 cm | 5000 |
| 76 | कोरूगेटेड बाक्स-(शहद 500 ग्रा. हेतु) | 50 cm x 50 cm x 19 cm | 5000 |
| 77 | फोम बैग (Size 51.5 x 41.0 cm) | मय प्रिंटिंग As per sample | 100000 |
| 78 | फोम बैग (Size 40.0 x 30.0 cm) | मय प्रिंटिंग As per sample | 100000 |
| 79 | फोम बैग (Size 25.0 x 20.0 cm) | मय प्रिंटिंग As per sample | 100000 |
| 80 | चैकोर कांच बोतल - 1000 ग्राम शहद हेतु (प्रथम ग्रेड) बिना ढक्कन | चैकोर 770 ml | 10000 |
| 81 | एल्युमिनियम केप विंध्य हर्बल मोनो के साथ | 25mm | 10,00,000 |
| 82 | चैकोर कांच बोतल - 500 ग्राम शहद हेतु (प्रथम ग्रेड) बिना ढक्कन | चैकोर 385 ml 63 mm | 11000 |
| 83 | चैकोर कांच बोतल - 250 ग्राम शहद हेतु (प्रथम ग्रेड) बिना ढक्कन | चैकोर 190 ml 53 mm | 20000 |
| 84 | कांच बोतल - 50 ग्राम शहद हेतु (प्रथम ग्रेड) बिना ढक्कन | As per Sample | 20000 |
| 85 | कांच बोतल - 100 ग्राम शहद हेतु (प्रथम ग्रेड) बिना ढक्कन | As per Sample | 20000 |
| 86 | कांच बोतल - 25 ग्राम शहद हेतु (प्रथम ग्रेड) बिना ढक्कन | As per Sample | 20000 |
| 87 | लग कैप (63 mm) | 63 mm Golden metallic Colour | 45000 |
| 88 | लग कैप (53 mm) | 53 mm Golden metallic Colour | 45000 |
| 89 | सर्जिकल कैप (100 पीस = 1000) | As per Sample | 1000 |
| 90 | फार्मा पी.वी.सी.रोल-82 एम.एम. (/Kg) | 250-300 m/c | 1000 |
| 91 | प्रिन्टेड फार्मा ब्लिस्टर फाइल (/Kg) | Aluminium | 1000 |



114

| | | | |
|---|---|---|---|
| 92 | बी.ओ.पी.पी.टेप 72 एमएम (48 रोल एक बाक्स में) दर प्रति बाक्स | As per sample | 200 |
| 93 | Sticker multi-colour printing (Every Dimenison) with die cut | 12x18 inch | 300 |
| 94 | Badge Print (Round) multi-colour printing | As per Sample | 500 |
| 95 | Dedicated to Purity & Quality Brochure with jacket holder | A-4 F/B 15 Leafs Multicolor Print Set | 2000 |
| 96 | Pen Doms with single colour Printing | As per Sample | 500 |
| 97 | D-Cut Bag with Printing | 16x21 inch | 2000 |
| 98 | D-Cut Bag with Printing | 14x19 inch | 2000 |
| 99 | Note Book Dairy spiral multi colour Printing | 50 page F/B As per Sample | 500 |
| 100 | Dr. Reffrel Pad multi colour Printing | 50 page A-4 Size (As per Sample) | 500 |
| 101 | OPD Registration Slip Pad multi colour Printing | As per Sample | 1000 |
| 102 | Smarika multi colour Printing with binding | 100-150 pages F/B A-4, Cover Page: 300 GSM Inner Page 130 gsm, Art Paper | 300 |
| 103 | Momento with colour printing | (13x14 Heavy Wood Framing Acylric) | 20 |
| 104 | Momento with colour printing | (13x14 Heavy Wood Framing Ashok) | 20 |
| 105 | Momento with colour printing | (10x12Heavy Wood Framing Ashok) | 20 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 106 | Momento with colour printing | (10x12Heavy Wood Framing Golden Ist) | 10 |
| 107 | Momento with colour printing | (8x10 Heavy Wood Framing Golden IInd) | 10 |
| 108 | Momento with colour printing | (6x8 Heavy Wood Framing Golden IIIrd) | 10 |
| 109 | Iron Frame | 3 kg Iron | 3000 |
| 110 | Iron Frame with stand | 3 kg Iron | 3000 |
| 111 | Iron Frame Standee 2 Fit Extra Stand | 3 kg Iron | 3000 |
| 112 | Iron Frame with Partition | 3 kg Iron | 3000 |
| 113 | Iron Frame | 2.5 kg Iron | 5000 |
| 114 | Mela related all Design Works (L.S.) | As per requirement | 1 |
| 115 | Flex Printing | Normal (per sq. feet) | 3000 |
| 116 | Flex Printing | Blackout (per sq. feet) | 3000 |
| 117 | Flex Printing | Star (per sq. feet) | 3000 |
| 118 | Vinyl Printing | Normal (per sq. feet) | 1500 |
| 119 | Vinyl Printing | Eco (per sq. feet) | 1500 |
| 120 | Forex Printing | 2 mm (per sq. feet) | 1000 |
| 121 | Forex Printing | 5 mm (per sq. feet) | 1000 |
| 122 | Canvas Side Bag with Printing | Worli Art Graphics | 500 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 123 | Pasting Charges | Flex (per sq. feet) | 5000 |
| 124 | Pasting Charges | Vinyl (per sq. feet) | 5000 |
| 125 | Flower Decoration (Opning & Closing) | per sq. feet | 2400 |

परिशिष्ट –2

## :: घोषणा ::

1. मैं (नाम) ............................................................आत्मज................................................ एतद् द्वारा कथन करता हूँ कि मेरे द्वारा निविदा की समस्त शर्तों का अध्ययन कर लिया गया है तथा सभी शर्ते मान्य हैं।

2. मैं (नाम) .............................................................आत्मज.......................................... एतद् द्वारा निविदा प्रतिभूति (ई.एम.डी.) राशि रू. ................................................ ई–पेमेंट रसीद क्र. ................................ दिनॉक ............................... द्वारा ऑनलाइन भुगतान कर दिया है।

3. मेरे द्वारा निविदा के शर्तो अधि. क्र./एम.एफ.पी.–पार्क/अ.का.नि/पैकेजिंग/अं.व.मे./2024/1404 दिनॉक 16.10.2024 के उल्लंघन अथवा पालन नहीं होने की दशा में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, बरखेड़ा पठानी, भोपाल के द्वारा निविदा शर्तों के अनुसार जो भी दण्ड दिया जायेगा, मैं उसका प्रतिभागी होऊँगा।

दिनॉक ............................. निविदाकार के हस्ताक्षर

**साक्षी**

| | |
|---|---|
| 1. हस्ताक्षर | नाम .................................................. |
| नाम.................................. | निविदाकार का पूरा पता |
| पता ................................. | (पत्र व्यवहार के लिये) |
| .......................................... | ........................................................... |
| दूरभाष क्र........................... | ............................................................ |
| 2. हस्ताक्षर | दूरभाष क्र.. ......................................... |
| नाम .......................................................... | |
| पता ........................................................... | |
| दूरभाष क्र........................... | |

परिशिष्ट –3

## संस्था/फर्म/वितरक/एजेण्ट की जानकारी

निविदाकार/संस्था/फर्म/का नाम :

पत्र व्यवहार का पता :

स्थायी पता :

दूरभाष क्र.. :

फैक्स क्र.. :

ई–मेल क्र. :

**GST** क्र. :

हस्ताक्षर ..........................................................

नाम ..........................................................

पदनाम ..........................................................

दूरभाष क्र .............................. ........................

अधि. क्र./एम.एफ.पी.–पार्क/अ.का.नि/पैकेजिंग/अं.व.मे./2024/1404 दिनांक 16.10.2024

**परिशिष्ट –4**

## चेक लिस्ट/जाँच सूची

| क्र. | विवरण | पृष्ठ संख्या | | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|
| | | से | तक | |
| 1. | ई–पेमेंट द्वारा जमा निविदा शुल्क का ब्यौरा | | | |
| 2 | ई–पेमेंट द्वारा जमा निविदा प्रतिभूति (ई.एम.डी.) राशि का ब्यौरा | | | |
| 3 | फर्म/संस्था/कम्पनी के पंजीयन का प्रमाण पत्र | | | |
| 4. | आयकर विभाग द्वारा जारी पेन/टेन कार्ड की प्रति | | | |
| 5. | जीएसटी पंजीयन प्रमाण–पत्र | | | |
| 6. | सी.ए./अंकेक्षक द्वारा प्रमाणिकृत तीन वर्षो (FY 2020–21, 2021–22 एवं 2022–23) का लाभ–हानि पत्रक एवं बैलेंस शीट की प्रतियॉ | | | |
| 7 | तीन आंकलन वर्षो (AY 2021–22, 2022–23 एवं 2023–24) की जमा आयकर विवरणिका (आई.टी. आर.) की प्रतियॉ | | | |
| 8. | निविदा में भाग लेने के लिए संस्था के लेटरहेड पर अधिकार पत्र | | | |
| 9. | काली सूची में शामिल न होने का घोषणा पत्र | | | |
| 10. | निविदाकार द्वारा घोषणा, परिशिष्ट–2 | | | |
| 11. | वितरक/एजेण्ट की जानकारी, परिशिष्ट–3 | | | |

नोटः– निविदाकार उपरोक्तानुसार अभिलेखों को संलग्न कर प्रस्तुत करेंगे।

हस्ताक्षर ..............................................................

नाम ..............................................................

पदनाम ..............................................................

दूरभाष क्र. ..............................................................